https://www.jmi.ac.in

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में BSLW-2026 और "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान में विभिन्न शैक्षणिक विभागों ने उत्साहपूर्ण योगदान के साथ लिया हिस्सा

नई दिल्ली, 17 नवंबर, 2026

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) ने 'ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक' (BSLW)-2026 और "एक पेड़ माँ के नाम अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके तहत विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों, विभागों, छात्रावासों और शैक्षणिक इकाइयों द्वारा कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। ये गतिविधियाँ उन विषयों और दिशानिर्देशों के अनुरूप आयोजित की गईं, जो संबंधित शैक्षणिक और प्रशासनिक इकाइयों को पहले ही बता दिए गए थे। 'मिशन LiFE' के अंतर्गत 1 से 7 नवंबर, 2026 तक मनाए गए BSLW-2026 का आयोजन पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) की एक पहल है, जो 2026 में भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता का हिस्सा है। BSLW का उद्देश्य जन जागरूकता, नागरिकों की भागीदारी और व्यवहार में बदलाव के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार जीवनशैली को बढ़ावा देना है। यह पहल सात प्रमुख विषयों पर केंद्रित है।

इस पहल के तहत, निर्धारित विषयों, प्रस्तावित गतिविधियों, होर्डिंग लगाने और अन्य जरूरी निर्देशों के बारे में सभी डीन, विभागाध्यक्षों, प्रोवोस्ट, निदेशकों, एनएसएस, एनसीसी, स्कूलों और विभिन्न शैक्षणिक इकाइयों के प्रमुखों को विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि कार्यक्रम में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित हो सके और इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।

इस पहल में 13 संकायों, विभागों, छात्रावासों और शैक्षणिक इकाइयों ने हिस्सा लिया। इन इकाइयों ने कई गतिविधियों का आयोजन किया और बाद में अपनी रिपोर्ट भी सौंपी। भाग लेने वाली इकाइयों में शामिल हैं: फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड एकिस्टिक्स; गणित, कंप्यूटर विज्ञान, इतिहास और संस्कृति, सामाजिक कार्य, मनोविज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और एयरोनॉटिक्स विभाग; बीएचएम गर्ल्स हॉस्टल; जे एंड के गर्ल्स हॉस्टल; गर्ल्स रेजिडेंस हॉल (पुराना); यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक; और सीनियर सेकेंडरी स्कूल। इन गतिविधियों का उद्देश्य चुनी गई थीमों के बारे में जागरूकता और भागीदारी को बढ़ावा देना, पर्यावरण के प्रति चेतना जगाना, तथा विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और अन्य हितधारकों के बीच सामूहिक जिम्मेदारी और सामुदायिक भागीदारी की भावना को मजबूत करना था।

विश्वविद्यालय इस पहल को एक सामूहिक प्रयास बनाने में सभी संकायों, विभागों, हॉस्टलों, स्कूलों और शैक्षणिक इकाइयों की सक्रिय भागीदारी, सहयोग और प्रयासों की सराहना करता है। ऐसी पहलों के माध्यम से, जामिया मिल्लिया इस्लामिया अपने शैक्षणिक समुदाय को उन गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करता रहता है, जो सामाजिक जिम्मेदारी, पर्यावरण जागरूकता और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देती हैं।

सीपीआरओ कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया